# विशेषज्ञों ने एआई से लेकर डिजाइन एजुकेशन के भविष्य पर की चर्चा

- यूपीईएस में 14वें इंटरनेशनल इंडिया एचसीआई कान्फ्रेंस का आयोजन



कान्फ्रेंस में चर्चा करते विशेषज्ञ।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।** यूपीईएस स्कूल ऑफ डिजाइन ने ह्यूमैन-कंप्यूटर इंटरेक्शन (एचसीआई) के क्षेत्र में एसोसिएशन फार कम्प्यूटिंग मशीनरी (एसीएम) के सहयोग से 14वें इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कान्फ्रेंस में शोधकर्ताओं व विशेषज्ञों ने एचसीआई के क्षेत्र में अपने शोध प्रस्तुत किये।

एचसीआई एचसीआई फार इनेबलिंग क्रिएटिविटी के थीम पर आधारित कार्यक्रम में क्रिएटिविटी और एचसीआई के मेल पर केंद्रित चर्चाओं की गई। कान्फ्रेंस में प्रो. फे. वेंकटेश राजामणिक्कम (आईडीसी स्कूल आफ डिजाइन आईआईटी बांबे), प्रो फे. जेनेट रीड (यूनीवर्सटी आफ सैंट्रल लैंकशायर यूके), लरेंस लू (संस्थापक एक्सोफेंस एआई), डॉ. बलविंदर सिंह (वीपी सैमसंग इलैक्ट्रनिक्स इंडिया) ने एआई से लेकर डिजाइन एजुकेशन के भविष्य, एक्सआर में मल्टीमोडल इंटरेक्शन समेत अन्य कई विषयों पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। साथ ही छात्रों ने एआई, वीआर व गेम डिजाइन जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किये और वाहनों की मोबिलिटी व ट्रांसपोर्टेशन के बारे में प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों को पैनल चर्चा, इंटरेक्टिव वर्कशाप समेत कई रोचक सत्रों के जरिए परस्पर जानकारी को साझा करने मौका मिला।

कान्फ्रेंस ने एचसीआई कम्युनिटी पर अपना प्रभाव छोड़ा है और डिजाइन, टैक्नोलाजी में प्रगति व विकास के लिए योगदान भी दिया। साथ ही आर्ट्स, विमेन व एचसीआई ने समोवशन के लिए निष्ठा को दोहराते हुए भारत में एचसीआई के भविष्य को आकार देने में योगदान दिया।